भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2653
09.03.2026 को उत्तर के लिए

टाइगर रिजर्व के लिए निधि

2653. श्री सुनील बोसः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चामराजनगर जिले के बिलीगिरी रंगनाथ स्वामी मंदिर टाइगर रिजर्व और बांदीपुर टाइगर रिजर्व में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत कार्यान्वित/कार्यान्वित की जाने हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं/योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं/योजनाओं के अंतर्गत बांदीपुर टाइगर रिजर्व में आवंटित/जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री :
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ख) बाघ रेंज वाले राज्यों, जिनमें बीआरटी और कर्नाटक के बांदीपुर बाघ अभयारण्य भी शामिल है, को बाघ के संरक्षण, बाघ और अन्य वन्य-जीवों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने, पर्यावास प्रबंधन, सुरक्षा, पारिस्थितिकी विकास, मानव संसाधन और बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए, बाघ अभयारण्य के संचालन के लिए स्वीकृत वार्षिक योजना के अनुसार, जो एक वैधानिक बाघ संरक्षण योजना से उपजा है, केंद्र सरकार की चालू वन्यजीव पर्यावास के एकीकृत विकास (आईडीडबल्यूएच) योजना के बाघ घटक के तहत वित्तपोषित किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान आईडीडब्ल्यूएच के प्रोजेक्ट बाघ घटक के तहत बांदीपुर बाघ अभयारण्य को प्रदान की गई वित्त पोषण सहायता का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**बाघ अभयारण्य**	**उपयोग की गई राशि (रुपये लाख में)**
2022-23	बांदीपुर	722.335
2023-24	बांदीपुर	713.55
2024-25	बांदीपुर	720.12

*****